# अदाणी–अवाडा कंपनी को जल्द उपलब्ध होगी जमीन

## गीडा प्रशासन ने धुरियापार में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज की, 11 हजार करोड़ के निवेश का मिला है प्रस्ताव

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : धुरियापार औद्योगिक क्षेत्र में अगले महीने से उद्यमियों को भूखंडों का आवंटन शुरू होने की संभावना है। अवाडा से लेकर अदाणी कंपनी को यहां भूखंडों का आवंटन होगा। अवाडा ने 250 एकड़, अदाणी को 50 और केयान को 70 एकड़ भूमि की मांग की है। इसको लेकर गीडा प्रशासन ने भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत हरपुर और सकरदेईया गांव की करीब 300 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई है। महीने भर के अंदर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। पहले ही 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। धुरियापार कारिडोर में लिंक एक्सप्रेस के पास 5500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होना है।

केयान ग्रुप करीब 8000 करोड़ रुपये की लागत से डिस्टिलरी प्लांट, अवाडा ग्रुप के 1200 करोड़ रुपये की लागत से सोलर और अडाणी ग्रुप करीब 1000 करोड़ की लागत से सीमेंट फैक्ट्री लगाने जा रहा है। इनके तीनों कंपनियों के लिए करीब 370 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इसी के तहत भूमि उपलब्ध कराने को लेकर गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज कर दी है। गीडा ने हरपुर और सकरदेईया गांव की करीब 300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण दोनों गांव के 77 किसानों की भूमि को समझौते के आधार पर करने जा रहा है।

**5500 एकड़ भूमि का होना है अधिग्रहण :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस और सहजनवा से दोहरीघाट तक प्रस्तावित रेल लाइन से सटकर विकसित हो रहे धुरियापार कारिडोर में 5500 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है। धुरियापार कारिडोर में मेगा प्रोजेक्ट से लांचिंग की तैयारियों में गीडा प्रशासन जुटा हुआ है। वहां 500 एकड़ से अधिक जमीन गीडा पहले ही किसानों से रजिस्ट्री करा चुका है। 300 एकड़ जमीन को लेकर गीडा प्रशासन ने अनापत्ति मांगी है। इस चरण में सकरदेईया और हरपुर में 77 किसानों से जमीन ली जानी है।



गीडा कार्यालय • जागरण

> अवाडा, केयान, अदाणी ग्रुप की तरफ से 60 से लेकर 250 एकड़ भूमि की मांग की गई है। गीडा बोर्ड से धुरियापार कारिडोर का मास्टर प्लान के साथ लेआउट मंजूर हो चुका है। जल्द ही विज्ञापन निकालकर जमीन का आवंटन किया जाएगा। जिससे निवेश और रोजगार के रास्ते खुल सके।
>
> **अनुज मलिक,** सीईओ, गीडा

### 19 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

धुरियापार में स्थापित हो रही कंपनियों में 19 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। धुरियापार में केयान ग्रुप करीब 8000 करोड़ का निवेश कर रही है। अडाणी समूह ने 1000 करोड़ के निवेश से सीमेंट फैक्ट्री के लिए 60 से 70 एकड़ जमीन की मांग की है। अडाणी समूह की फैक्ट्री से लगभग 1000 प्रत्यक्ष और 2000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। श्री सीमेंट्स से भी लगभग 500 प्रत्यक्ष और 1000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। अवाडा ग्रुप की फैक्ट्री में 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा। केयान ने 15 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का दावा किया है। श्रीसीमेंट ने नई यूनिट स्थापित करने के लिए 200 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है।

### अवाडा ग्रुप को चाहिए सबसे ज्यादा जमीन

यहां सर्वाधिक जमीन अवाडा ग्रुप को चाहिए। अवाडा ग्रुप ने 250 एकड़ जमीन में ग्रुप सोलर प्लांट के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन के लिए उत्पाद बनाने, अडाणी ग्रुप ने 60 एकड़ और केयान ग्रुप ने 170 एकड़ जमीन की मांग की है। ग्रुप की योजना एथेनॉल, सिंगल माल्ट शराब, बीयर बनाने की है। इसके अलावा श्रीसीमेंट ने भी सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 75 एकड़ भूमि की मांग की है।